सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 321 | इंदौर, सोमवार 03 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# इंदौर में 15.60 लाख मतों की गिनती 151 टेबलों पर होगी

## मतगणना के लिए तैयार है स्टेडियम

इंदौर जिले में लोकसभा चुनाव के मतों की गणना के लिए इंदौर का जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम तैयार हो चुका है, मतगणना होने में अब बस कुछ घंटों का ही इंतजार शेष है। मंगलवार को दोपहर तक पूरी तरह से चुनाव मैदान की स्थिति साफ हो जाएगी और देश को पीएम मिलेंगे तो वहीं इंदौर को सांसद मिलेंगे।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर में चुनाव को लेकर रोचक स्थिति है। यहां चुनाव मैदान में कांग्रेस को छोड़ 15 प्रत्याशी मैदान में है। इंदौर लोकसभा सीट के लिए 15 लाख 60 हजार 293 मतों की गणना के लिए 151 टेबले स्टेडियम में लगाई जाएंगी। मतगणना के लिए स्टेडियम में 8 विधानसभा कक्ष तैयार किए गए है। 19 राउंड के बाद अंतिम परिणाम आएगा। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नहीं होने से मतगणना में मशक्कत देखने को नहीं मिलेगी, पर महू विधानसभा क्षेत्र पर खासा फोकस रहेगा।

धार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली महू विधानसभा के मतों की गणना इंदौर में ही होगी। यहां कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी के अभिकर्ता मतगणना के दौरान मौजूद रहेंगे। इंदौर क्षेत्र के 15 लाख 60 हजार 293 मतों की गणना 4 जून को नेहरू स्टेडियम में होना है। स्टेडियम के आठ कक्षों में आठ विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार 151 टेबलें लगाई जा रही हैं।



फाइल फोटो

### देपालपुर, सांवेर और इंदौर-एक में 20-20 टेबलें रहेंगी

सुबह आठ बजे सबसे पहले डाक मतपत्रों फिर ईवीएम के मतों की गणना शुरू होगी। प्रत्येक राउंड में 20 मिनट का समय लगेगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र इंदौर-पांच, राऊ और इंदौर-दो में 21-21 टेबलें लगेंगी। वहीं इंदौर-तीन और इंदौर-चार में 14-14 टेबलें लगेंगी। देपालपुर, सांवेर और इंदौर-एक में 20-20 टेबलें रहेंगी।

### 700 मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

मतगणना के लिए 700 कर्मचारियों को दो चरण में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को मतगणना की प्रक्रिया और परिणाम जारी करने जैसी कई बारीकियां बताई गईं। प्रशिक्षण का अंतिम चरण 31 मई को संपन्न हुआ है। अब मतगणना के पहले सभी को रेंडमली मतगणना टेबल का अलाटमेंट किया जाएगा। महू में 280 ईवीएम के मतों की गणना इंदौर जिले का विधानसभा क्षेत्र महू धार संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। यहां के मतों की गणना इंदौर जिले में होगी। महू के डाक मतपत्रों की गिनती धार और ईवीएम के मत इंदौर में गिने जाएंगे। इसके लिए धार लोकसभा से चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशी अपने अभिकर्ता नियुक्त करेंगे। महू विधानसभा के एक लाख 96 हजार 440 मतों की गणना के लिए 18 टेबलें लगाई जाएंगी। यहां पर 280 बूथ की ईवीएम का परिणाम 16 राउंड के बाद आएगा।

### मतगणना को लेकर पुलिस अलर्ट, अतिरिक्त बल रहेगा तैनात

लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को होगी। मतगणना को लेकर जहां प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली है। वहीं पुलिस भी अलर्ट है और ट्रेफिक डायवर्ट सहित अन्य प्लान बनाया है। संवेदनशील इलाकों के साथ ही मतगणना स्थल नेहरु स्टेडियम के आसपास भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। शहर में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए भी पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को शराब की दुकाने भी पूर्ण रुप से बंद रहेंगी। इंदौर में एन वक्त पर कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया था। भाजपा कार्यकर्ता अब देश में होने वाले नतोजों के बाद विजय जुलूस की तैयारी भी कर रहे हैं। हर विधानसभा में जीत के जश्न को लेकर तैयारियां की जा रही है। दूसरी ओर पुलिस ने जश्न में किसी भी तरह का खलल न पड़े इसके लिए अतिरिक्त बल को भी तैयार रहने के लिए कहा है। कुछ प्रमुख इलाकों पर चुनावी नतीजों के बाद जश्न का माहौल बनता है। इन स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। यहां अतिरिक्त बल भी तैनात रहेगा। जश्न की आड़ में कोई जेबकटी या अन्य हरकतें नहीं कर सके इसके लिए महिला ब्रिगेड को भी सतर्क कर दिया गया है।

## गुपचुप जमा करा रहे थे महंगी किताबें, स्कूल पर छापा

### जबलपुर में पेरेंट्स को मैसेज कर बुलाया; एसडीएम बोले- ये सबूतों से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। कॉपी-किताब पर कमीशन और स्कूल फीस बढ़ाने पर घिरे जबलपुर के स्टेमफील्ड स्कूल मैनेजमेंट का नया कारनामा पकड़ा गया है। स्कूल मैनेजमेंट रविवार को स्कूल खोलकर हिंदी ग्रामर बुक जमा करा रहा था। पेरेंट्स को बकायदा मैसेज कर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बुक के साथ आने को कहा गया था।

कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना तक इस बात की शिकायत पहुंची। उन्होंने शिक्षा विभाग और पुलिस की टीम गठित कर मौके पर भेज दी। अधारताल एसडीएम शिवाली सिंह ने स्कूल में रेड की। टीम को देखकर स्कूल मैनेजमेंट के होश उड़ गए। मौके से 6वीं, 7वीं और 8वीं क्लास की 35 बुक जब्त की गई हैं।

एसडीएम का कहना है कि मामला कोर्ट में है, इसके बाद भी स्टेमफील्ड स्कूल मैनेजमेंट ने पेरेंट्स को बुक्स जमा कराने के मैसेज किए। यह बताता है कि स्कूल मैनेजमेंट जांच के दौरान सबूत के साथ छेड़खानी की कोशिश कर रहा है।

### स्कूल का संचालक फरार

जबलपुर शहर के 11 स्कूल्स के खिलाफ अधिक फीस वसूली और बिना आईएसबीएन नंबर की किताब चलाने की जांच चल रही है। जांच के दायरे में स्टेमफील्ड स्कूल भी है। जिला प्रशासन ने स्कूल पर 2 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया था। स्टेमफील्ड स्कूल के संचालक अभी भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### पेरेंट्स पर दबाव बनाकर बुलाया गया

एसडीएम के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अभिभावकों ने बताया कि पिछले दो दिन से स्कूल मैनेजमेंट मैसेज और कॉल कर उन्हें स्कूल आने का कह रहा था। पेरेंट्स ने मैसेज और स्कूल के जरिए किए गए कॉल की जानकारी दी है। हिंदी ग्रामर की किताबें जब्त की गई हैं, कलेक्टर को रिपोर्ट दी जाएगी, इसके बाद वे आगे की कार्रवाई करेंगे। अभिभावक राजकुमारी ने बताया कि शनिवार की रात उन्हें स्कूल की ओर से कॉल आया था। हिंदी ग्रामर की बुक की कीमत साढे. चार सौ रुपए से ज्यादा है।

### प्रशासन ने 11 स्कूल पर लगाई थी 22 लाख रु. की पेनाल्टी

जबलपुर में कोर्स, यूनिफॉर्म के नाम पर मनमानी रकम वसूलने वाले 11 स्कूल के खिलाफ प्रशासन ने 27 मई को बड़ी कार्रवाई की थी। ऐसे स्कूलों से पेरेंट्स को 81.30 करोड़ रुपए की फीस वापस कराई गई। इन स्कूलों पर 22 लाख रुपए की पेनाल्टी भी लगाई। 51 लोगों के खिलाफ भी एफआइआर दर्ज की गई। इनमें स्कूलों के चेयरमैन, प्राचार्य, सीईओ, मैनेजर, सदस्य, एडवाइजर शामिल हैं।

## गांजा बिक्री का विरोध करने पर दो युवतियों को सरेराह युवकों ने बेरहमी से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खरगोन। कोतवाली क्षेत्र की आनंद नगर बस्ती में हो रही गांजा बिक्री का विरोध करना एक महिला और उसकी दो बेटियों को जान जोखिम में डालने जैसा साबित हुआ है। कथित तौर पर गांजा बेच रहे युवकों ने महिलाओं को पहले बस्ती में पीटा। इसके बाद जब महिला और युवतियां थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने निकली तो राधावल्लभ मार्केट में फिर सरेराह पिटाई कर दी। दो बार अलग- अलग जगह हुई पिटाई से महिला और उसकी बेटियों को गंभीर चोटें आई है, तीनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। एएसपी तरूणेन्द्रसिंह बघेल ने बताया कि आरोपियो को पकड़ने के लिए चार पुलिस टीम लगाई गई है।

# आत्मनिर्भरता से पूरकता को समझने की राज्य स्तरीय 30 दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

## देश के चयनित शैक्षणिक संस्थाओं के 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने लिया भाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के निकट स्थित मानव चेतना विकास केन्द्र में राज्य शासन के आनंद विभाग द्वारा संचालित राज्य आनंद संस्थान द्वारा स्वीकृत दो वर्षीय अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत प्रायोजित 30 दिवसीय आत्मनिर्भरता से पूरकता की कार्यशाला दो चरणों में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का पहला चरण अप्रैल और दूसरा चरण मई माह में संपन्न हुआ। इसमें देश के विभिन्न चयनित शैक्षणिक संस्थाओं के 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया।**





अनुसंधान परियोजना के निदेशक डॉ. अभय वानखेड़े ने बताया कि संस्थान में अस्तित्व मूलक मानव केन्द्रित चिंतन, सह-अस्तित्ववाद की रोशनी में चेतना विकास मूल्य शिक्षा से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता के आचरण का अध्ययन किया जाना संभव हो गया है, जिससे विद्यार्थियों में मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक स्वतंत्रता का अध्ययन कर बौद्धिक समाधान और भौतिक समृद्धि को सुनिश्चित किया जा सकता है। आनंद विभाग का राज्य आनंद संस्थान इसी दिशा में प्रयासरत है। इसी कड़ी में इस अनुसन्धान परियोजना द्वारा मानव में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को पहचान कर स्वयं ने सुखपूर्वक, परिवार में समृद्धि, समाज में अभयता और प्रकृति में सहस्तित्वपूर्वक जीने के शिक्षा संस्कार की सूचना -चिंतन -मनन -अध्ययन –अभ्यास करते हुए समीक्षा कर विश्वासपूर्वक जीने की विषय वस्तु से अवगत कराया गया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने जिंदगी से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न – मन की आजादी क्या है, आलस्य, बोरियत, थकान, केरियर, दोस्ती में शोषण, प्रतियोगिता, दूसरों से अपेक्षा, माता पिता से बढ़ती दूरी और अकेलेपन जैसे प्रश्न पूछे। जिसके तार्किक, व्यावहारिक, सार्वभौमिक और निरपेक्ष उत्तर श्री अजय दायमा संस्थापक मानव चेतना विकास केंद्र द्वारा सहजता से दिए गए।

कार्यशाला की विषय वस्तु को 12 सत्रों में विभक्त किया गया था। विषय वस्तु की समझ को स्पष्ट करने के लिए प्रतिदिन चर्चा सत्र, प्रस्तुति सत्र, कार्यअभ्यास सत्र और व्यवहार सत्र आयोजित किये गए। दोस्ती सत्रों को केंद्र के युवाओं ने अपनी अभी तक की आत्मनिर्भरता के साथ जीने की समझ, प्रयास और अनुभव के आधार पर पूर्ण किया। सभी सत्रों का शोध निष्कर्ष के लिए सत्र पूर्व और सत्र उपरांत आंकलन सह जाँच और विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया। मानव चेतना विकास केंद्र एक परिवार मूलक शैक्षणिक केंद्र है, जो विगत 15 वर्षो से मानवीय शिक्षा के लिए क्रियाशील है । यहाँ मुख्य रूप से मानव-मानव के साथ और मानव-प्रकृति के साथ जीने का अस्तित्व सहज नियम को समझने, समझाने और जीने की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

कार्यशाला में शिक्षा व्यवस्था को समझने, जीने, समझाने की दिशा पर कार्य कर रहे श्री रवि शेषाद्री, श्री रामेन्द्र सिंह भदौरिया, श्री चरण सिंह नायक, श्री अनीस खान, श्री सागर चावड़ा, श्री अमित पाण्डेय, श्री तारकेश राव, श्री दिलीप चौहान आदि ने भी अपनी सहभागिता से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व प्रोत्साहित किया।

## मतगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये 18 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिये व्यापक तैयारियां जारी हैं। मतगणना का कार्य विधानसभा क्षेत्रवार किया जायेगा। यह कार्य रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में किया जायेगा। रिटर्निंग अधिकारी के सहयोग हेतु इंदौर जिले में 18 अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा आदेश जारी कर दिये गये हैं। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र देपालपुर के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री शेखर चौधरी और श्रीमती शिखा सोनी को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र इंदौर-एक के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री शैवाल सिंह तथा प्रभारी नायब तहसीलदार श्री ओंकार मनाग्रे, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-दो के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री योगेश मेश्राम तथा नायब तहसीलदार सुश्री पूजा सिंह चौहान, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-तीन के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री जगदीश रंधावा और नायब तहसीलदार श्री शिवशंकर जारोलिया, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-चार के लिये प्रभारी तहसीलदार श्रीमती याचना दीक्षित और नायब तहसीलदार श्री जितेन्द्र सोलंकी, विधानसभा क्षेत्र इंदौर-पांच के लिये तहसीलदार श्रीमती अंकिता वाजपेयी और नायब तहसीलदार श्री देवेन्द्र कछावा, राऊ विधानसभा क्षेत्र के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री नारायण नंदेड़ा और प्रभारी नायब तहसीलदार श्री धीरेश प्रसाद सोनी, सांवेर के लिए प्रभारी तहसीलदार श्रीमती पूनम तोमर और प्रभारी नायब तहसीलदार श्री चोखालाल टांक तथा डॉ. अम्बेडकर नगर महू के लिये प्रभारी तहसीलदार श्री विवेक कुमार सोनी और नायब तहसीलदार श्री राधावल्लभ धाकड़ को अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

# जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए 5 से 16 जून तक चलेगा विशेष अभियान

## अभियान के लिए नगरीय विकास व आवास विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा।**

अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टतः निर्धारण कर लिया जाए। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाये। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्त्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्त्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जायेगी। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## मतगणना के दिन इंदौर में मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने 4 जून को होने वाली मतगणना को देखते हुए जिले में ड्राय डे घोषित किया है। इस दौरान मदिरा के क्रय/विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना वाले दिन 04 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस के लिये' सम्पूर्ण इंदौर जिलें में 'शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान इन्दौर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, वाईन के फुटकर बिक्री रिटेल आउटलेट (RWS-1), आहारगृह यथा एफ. एल. 2, 3, 4 एवं एफ.एल.-6. 7. 8, 9, 10 ए एवं 10 बी, बी.-3, बी.-3 में एफ.एल.-9 क तथा देशी / विदेशी मद्य भण्डागार को बन्द करने के आदेश दिये गये है। इस अवधि में मदिरा की दुकानें, होटल, रेस्टारेन्ट, क्लब एण्ड अन्य सेलिंग पाईंट / सर्विंग पाईंट आदि में उक्त अवधि में किसी को भी शराब की बिक्री/सेवा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

## नशे के खिलाफ पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

**इंदौर।** नशे के खिलाफ पुलिस अब जीरो टालरेंस की तरह काम करने लगी है। नशा बेचने, खरीदने वालों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जोन 2 में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह और एसीपी परदेशीपुरा नरेन्द्र रावत के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसमें सुरक्षा समिति सदस्य एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और लोगों को संदेश दिया कि वे नशे से पूरी तरह दूर रहें। एमआईजी थाना क्षेत्र के अटल द्वार से रैली शुरू हुई, जो नेहरू नगर रोड नंबर 9, अंबेडकर नगर, पाटनीपुरा, जगजीवन रामनगर, एमआईजी कॉलोनी होते हुए थाने पर समाप्त हुई। रैली के दौरान नशा विरोधी नारे लगाए गए एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया।

## दो भाइयों ने मचाया उत्पात, परिवार से मारपीट, तोडफ़ोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दो भाइयों ने उत्पात मचाते हुए एक घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की और तोडफ़ोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक हमला अरावली परिसर भूरी टेकरी में हुआ। कृष्णा पिता रामरतन गौर(60) की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल पिता विक्रम चौहान और सोनू चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह और घरवाले घर में टीवी देख रहे थे तभी आरोपी आए और गेट पर लात मार दी। जब उन्हें मना किया तो आरोपियों ने गालियां दी और उसके पोते संदीप,प्रदीप और पोती रूचि के साथ जमकर मारपीट की। डंडे से भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# महिला बैंककर्मी ने की खुदकुशी परिजनों ने लगाया आरोप

## ❑ जिला अस्पताल कैम्पस में भिड़े मायके और ससुरालवाले

**इंदौर। राजेन्द्र नगर की नवविवाहिता बैंककर्मी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष का आरोप है कि बेटी की हत्या की गई है। इधर, पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया है। इस बीच सोमवार सुबह जिला अस्पताल परिसर में शव के पहुंचते ही नवविवाहिता के पति और उसके मायके वालों में जमकर मारपीट हो गई। कार में तोडफ़ोड़ कर दी गई। बचने के लिए पति और उनके रिश्तेदार अस्पताल के एक वार्ड के अंदर छुप गए। पुलिस पूछताछ कर रही है।**



पुलिस के मुताबिक अंकिता पति प्रणय जायसवाल निवासी वीआईपी परस्पर नगर (22) ने रविवार को फांसी लगाई। ससुराल के लोग शव उतारकर यूनिक अस्पताल लाए। आरोप है कि अंकिता के मायके वालों को दो से तीन घंटे बाद जानकारी दी गई। इसी कारण सोमवार सुबह पोस्टमार्टम प्रक्रिया के दौरान अस्पताल में अंकिता के ससुराल और मायके वाले आमने-सामने हो गए।

**तीन साल पहले हुई शादी, संतान नहीं है-** खरगोन जिले के झिरन्या के निवासी मायके वालों ने बताया बेटी अंकिता और प्रणय की शादी 2021 में हुई। वह बैंक में नौकरी करती थी। पति की लाइब्रेरी और होस्टल है। दोनों की कोई संतान नहीं है। ससुराल में पति के अलावा सास-ससुर और देवर हैं। अंकिता के पिता खरगोन जिले में अनाज व्यापारी हैं। मायके वालों का आरोप है कि अंकिता और पति प्रणय के बीच अनबन रहती थी। संतान नहीं होने को लेकर भी कई बार झगड़े हुए हैं। और भी कारण हैं इसलिए हत्या कर दी गई। हमें समय रहते सूचना भी नहीं दी गई।

**जिला अस्पताल में जमकर मारपीट-** पोस्टमार्टम के दौरान जिला अस्पताल पहुंचे नाराज मायका पक्ष ने ससुराल वालों की जमकर मारपीट की। उनकी कार के कांच फोड़ दिए। अंकिता का ससुराल पक्ष जैसे-तैसे जान बचाकर भागा। सूचना के बाद यहां पुलिस की टीम पहुंची और दोनों को समझाया। आरोप है कि अंकिता के मायके वाले पति और अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी देते रहे।

**एक दिन पहले हुई थी बात-** मृतक अंकिता के दो भाई अंकित और आकाश हैं। गल्ला मंडी में काम करने वाले अंकित ने बताया 'शनिवार को रात में बहन अंकिता से बात हुई थी। उससे कहा कि मैं बच्चों को लेकर इंदौर आ रहा हूं। वॉटर पार्क जाना है। मैंने यह भी कहा था कि खाना बाहर ही खा लेंगे। दूसरे दिन अंकिता का सुबह कॉल आया। उसने कहा कि तू आया नहीं। मैंने जवाब दिया कि कुछ देर में इंदौर के लिए निकल रहा हूं। दोपहर डेढ़ बजे अंकिता की मौत की जानकारी आ गई। फिर हम तुरंत इंदौर रवाना हुए और यहां उसकी लाश मिली।'

**दादी सास ओर देवर घर पर थे-** अंकिता का पति प्रणय दोपहर में करीब 12:30 बजे खाना खाने लायब्रेरी से घर आया। इस दौरान रूम का लॉक लगा हुआ था। प्रणय ने पत्नी को आवाज दी। दरवाजा नही खोलने पर दूसरी चॉबी से लॉक खोला अंदर देखा तो वह फंदे पर लटकी थी। घटना के समय दादी सास ओर देवर चिंटू घर पर थे। जबकि ससुर अश्विन ओर सास शालू होस्टल पर थे। मायके पक्ष का कहना है कि दूसरी चॉबी से लॉक खोलने की बात प्रणय झूठ बोल रहा है। उन्हें तो एक घंटे बाद सूचना दी गई।

# हिंदूवादी नेता के साथ मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हिंदूवादी नेता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसमें हिंदूवादी नेता ने दो लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। छत्रीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक किशोर दांगी की शिकायत पर दिलीप शर्मा और विक्की उर्फ गायवाला के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।**

किशोर ने पुलिस को बताया कि उनकी बहू प्रिया दांगी पार्षद है। नजदीक ही दिलीप शर्मा का ओटला बना था। अतिक्रमण को लेकर निगम की टीम ने उसे तोड़ दिया। दिलीप को शंका थी कि वह हमने तुड़वाया है। इसी बात से वह रंजिश रखता था। रविवार रात जब वह वह चिंताहरण हनुमान मंदिर पर दर्शन करने गए तो वहां दिलीप मिला। उसने इसी बात को लेकर विवाद किया और अपशब्द कहने लगा। इस दौरान उसका साथी विक्की बाइक लेकर वहां आया। उसने मारपीट करना शुरू कर दी। इसके बाद उस्तरा लहराया ओर मौके से भाग गया। किशोर को चोटें आई हैं। रात में वह थाने पहुंचे और दिलीप और विक्की के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

# जिलाबदर बदमाश पकड़ाया रासुका में भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कुख्यात बदमाश पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी लेकिन जिलाबदर अवधि के दौरान बदमाश क्षेत्र में घूमता मिला। उसे गिरफ्तार कर रासुका की कार्रवाई बाद जेल भेज दिया है। एसीपी देवंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि रावजी बाजार के कुख्यात बदमाश बलराम उर्फ बल्लू पिता विजय सिंह बैस निवासी केसरबाई का बगीचा पर 8 मई को जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। उसे 6 माह के लिए जिलाबदर किया था,इसके बाद भी वह इलाके में घूमता मिला तो रासुका की कार्रवाई की गई।

## महिला सरपंच पर उठाया दराता,पति को मारा

**इंदौर**। गांधी नगर के ग्राम बिसनावदा में तालाब में अवैध खुदाई कर रहे इलाके के व्यक्ति ने महिला सरपंच के रोकने पर दराता निकाल लिया। इस दौरान महिला सरपंच के पति बीच में आ गया। जिन्हें कमर के नीचे दराता लगा है। गांधी नगर पुलिस ने नरेन्द्र चौधरी की शिकायत पर माखन चौधरी पर केस दर्ज किया है। नरेन्द्र ने बताया कि उनकी पत्नी निर्मलाबाई सरपंच है। माखन जेसीबी लाकर तालाब में खुदाई कर मिट्?टी निकालकर ले जा रहा था। उन्हें जानकारी लगी तो पत्नी के साथ पहुंचे। यहां पत्नी निर्मला ने रोका तो माखन उनकी तरफ दराता लेकर दौडा। इस पर नरेन्द्र बीच में रोकने के लिये पहुंचे तो आरोपी ने उनके कमरे के नीचे दराता मारकर उन्हें घायल कर दिया।

# वो कागज की कश्ती ने बचपन की याद का अहसास कराया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गर्मी की तपिश से लोगों ने कुछ सुकून महसूस किया गजलों की महफिल कागज की कश्ती में। गजलों के सुकून भरे अहसास ने कुछ देर ही सही गमों की भुला तो दिया यहां रश्मि गुरबानी की याद में सजी इस महफिल में शहर के गायक सुनील शर्मा ने गजलें पेश की, बांसुरी वादक सुनील अमूमन किशोर को गाते है, लेकिन यहां उन्होंने बता दिया कि गजलें भी वो पूरी शिद्दत से गा सकते हैं।**

शुरुआत आयोजक कैलाश गुरबानी ने पत्नी रश्मि गुरबानी की याद में एक गजल करोगे याद तो हर एक बात याद आएगी से की। इसके बाद बिना एंकर का सहारा लिए सुनील शर्मा ने माइक सम्हाला और गाया ये न समझो कि हम पी गए पीते पीते... थोड़ी सी जिंदगी जी गए पीते पीते...। गजलों के साथ शेरो शायरी ने गज़लों को वजनदार बना दिया। रोजाना शहर में संगीतमय आयोजन होते है पर ये आयोजन कुछ अलहदा था,जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। संगतकारों में गिटार पर थे राजेश मित्रा गुड्डु, की- बोर्ड पर दीपेश जैन, तबले पर संजय कपाडिय़ा और ऑक्टोपेड पर थे नवीन पारले इन 4 साजिंदों ने संगीत का मधुर रस घोल दिया, कुल मिलाकर इस महफिल से श्रोताओं ने खुद को जुड़ा पाया और हॉल से गुजरते हुए कई लोग गजलों को गा रहे थे, सभी का कहना था ये शो होते रहना चाहिए, आभार कैलाश गुरबानी ने किया, तय समय पर महफिल का सपामन हुआ।



# जबलपुर डबल मर्डर का आरोपी बोला-38 बार रेप किया

## नाबालिग के साथ लग्जरी होटल, ट्रेन-बस में काटी फरारी; पुलिस ने रिक्रिएट किया हत्या का सीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर डबल मर्डर को पुलिस ने रिक्रिएट किया, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी मुकुल (21) ने पूछताछ में पुलिस को बताया, राजकुमार विश्वकर्मा और उनके बेटे तनिष्क की हत्या के पहले और बाद में उसने नाबालिग से रेप किया था। नाबालिग के विरोध करने पर उससे मारपीट भी की थी। फरारी के दौरान होटल और ट्रेन में आरोपी ने 38 बार रेप किया। नाबालिग ने भी दुष्कर्म की बात स्वीकार की है।**

बता दें कि वारदात के 75 दिन बाद नाबालिग को हरिद्वार से पकड़ा गया था। इसके बाद मुकुल ने जबलपुर थाने पहुंचकर सरेंडर किया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुकुल को सात दिन की रिमांड पर लिया है। 1 जून शनिवार रात सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपी मुकुल को लेकर मिलेनियम कॉलोनी पहुंची। यहां 15 मार्च को हुए मर्डर का रिक्रिएशन किया। पुलिस यहां करीब एक घंटे रही। इस दौरान पुलिस ने सबूत जुटाए, जिससे आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिला सके।

### 15 मार्च को हुई थी रेलकर्मी और उनके बेटे की हत्या

जबलपुर में 15 मार्च शुक्रवार को 52 साल के रेलवे कर्मचारी राजकुमार और उसके 8 साल के बेटे तनिष्क का शव लहूलुहान हालत में उनके सरकारी आवास में मिला था। बेटे का शव फ्रिज में पॉलीथिन में लिपटा मिला। पिता-पुत्र के शव पर धारदार हथियार के निशान थे। वहीं 14 साल की बेटी लापता थी।

### साढ़े छह घंटे में दो मर्डर और दो बार रेप

आरोपी मुकुल सिंह ने 14 मार्च की रात तक राजकुमार और तनिष्क की हत्या की पूरी तैयारी कर ली थी। प्लान के मुताबिक मुकुल हत्या का पूरा सामान रात 10 बजे के बाद राजकुमार के बाथरूम में रखा। फिर देर रात तक इंतजार करने लगा। करीब रात साढ़े तीन बजे मुकुल, राजकुमार के घर में घुसा। उस दौरान वे और उनका बेटा सो रहा था, जबकि लड़की जाग रही थी।

घर में घुसने के बाद मुकुल ने नाबालिग से रेप किया। फिर उसी के कमरे में बैठा रहा। सुबह करीब 7 बजे राजकुमार विश्वकर्मा और 8 साल के बच्चे की हत्या करने के बाद आरोपी ने फर्श पर बिखरे खून को साफ किया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि हत्या के बाद लड़की के न चाहने के बाद भी सुबह 10 बजे रेप किया। इसके बाद प्लान के मुताबिक वह घर से निकला और स्कूटी लेकर कॉलोनी से बाहर आ गया। थोड़ी देर बाद लड़की भी बाहर आ गई।

### फरारी के दौरान सबसे ज्यादा ट्रेन में किया सफर

मुकुल नाबालिग को लेकर कटनी पहुंचा। यहां से बस से इंदौर पहुंचा। 16 मार्च को इंदौर के होटल में रात बिताई। यहां भी उसने नाबालिग से रेप किया। इसके बाद इंदौर से पुणे, गुवाहाटी, शिलांग, बिहार, चंडीगढ़ और मुंबई के होटलों में रुककर फरारी काटी। पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी ने कई बार नाबालिग के न चाहते हुए रेप किया।

मुकुल उसी ट्रेन में बैठता जो स्टार्ट टू एंड रहती थी, यानी ट्रेन जहां से शुरू होती, लास्ट में वहीं जाकर रुकती। वह हरिद्वार और अमृतसर के लिए सफर करता था। वह ट्रेन के टाइम से दो घंटे पहले ही स्टेशन पहुंच जाता था। खाली ट्रेन में मौका पाकर उसने नाबालिग से कई बार रेप किया। बस में सफर के दौरान मुकुल जंगल में ही उतर जाता था, यहां भी वह रेप करता।

सिविल लाइन थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि परिजनों ने जब लड़की से बात की तो उसने दुष्कर्म की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, रेप और अपहरण के तहत मामला दर्ज किया है।

### मृतक के भाई बोले- सीबीआई जांच हो, और नाम सामने आएंगे

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया में रहने वाले मृतक राजकुमार के भाई बाबू विश्वकर्मा परिवार के साथ जबलपुर में हैं। वे भी पुलिस के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे। बाबूलाल का कहना है कि आरोपी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उसे ये भी नहीं दिखा कि 8 साल के मासूम बच्चे को मार रहे हैं। इस दोहरे हत्याकांड में मुकुल अकेला नहीं बल्कि और भी कई लोग शामिल हैं। सीबीआई जांच होगी तो कई और लोग भी सामने आ सकते हैं।

# मंगलनाथ मंदिर में एक महीने 41 लाख की रिकॉर्ड इनकम

❑ उज्जैन के मंदिर में लगी दान पेटी से 10 लाख से अधिक नकदी मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित मंगलनाथ में ग्रीष्म अवकाश के चलते बड़ी संख्यात में श्रद्धालु भगवान मंगलनाथ के दर्शन करने व भात पूजा कराने आ रहे हैं। पूजन के लिए शासकीय रसीद कटवाना अनिवार्य है। ऐसे में मई महीने के दौरान मंदिर में शासकीय रसीद के माध्यम से 41 लाख से 73 हजार से अधिक की इनकम हुई है। वहीं, दान पेटी से मई महीने में 10 लाख 13 हजार से अधिक रुपए मिले हैं।

ग्रीष्म अवकाश शुरू होने के बाद से मंदिर में रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। अवकाश के दिनों व मंगलवार को श्रद्धालु यहां लोग मंगल दोष, भात पूजन, कालसर्प दोष, श्रापित दोष, अंगारक दोष, कुम्भ विवाह, अर्क विवाह सहित अन्य पूजन व ग्रह दोष की पूजा कराने पहुंचते हैं। मंदिर के प्रशासक कृष्ण कुमार पाठक ने बताया कि मई महीने में भात पूजन व अन्य पूजन करने वालों की भीड़ ज्यादा रही। श्रद्धालुओं द्वारा पूजन कराने के लिए मंदिर समिति के माध्यम से शासकीय रसीद काटवाई जाती है।

इन रसीदों से एक महीने में प्राप्त शुल्क से समिति को 41लाख 73 हजार 928 रुपए की इनकम हुई है। एसडीएम लक्ष्मीनारायण गर्ग के निर्देशन में मंदिर में लगी दान पेटी में प्राप्त राशि की गणना 31 मई को की गई। पेटी में 10 लाख 13 हजार 820 रुपए मिले हैं।

21 हजार रुपए का चेक दिया

रविवार को भी बड़ी संख्या में भक्त मंगलनाथ मंदिर में दर्शन को पहुंचे थे। वहीं, इंदौर निवासी कर्ण एवं ऐश्वर्या महाड़िक द्वारा श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति को रुपए 21000 रूपए का दान राशि का चेक भेंट किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रशासक केके पाठक द्वारा दानदाता को अंग वस्त्र व प्रसाद भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान मंगलनाथ मंदिर के पुजारी महंत निरंजन भारती ने मंत्रोपचार के साथ आशीर्वाद प्रदान किया।

# कमांडेंट बंगले से पकड़ा 5 फीट लंबा कोबरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में बटालियन स्थित कमांडेंट बंगले में रविवार को कोबरा प्रजाति का सांप घुस गया। सांप बल्लियों के नीचे मौजूद था। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने सांप देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने तत्काल स्नेक कैचर अकील बाबा को सूचना दी। स्नेक कैचर अकील ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद सांप को पकड़ लिया गयसा। स्नेक कैचर ने कोबरा को पकड़ा, तो उसने जमकर फुफकार मारी। अकील बाबा ने बताया कि रेस्क्यू में पकड़ाया सांप कोबरा प्रजाति का है, जो करीब 5 फीट लंबा है। इस समय भीषण गर्मी और उमस पड़ रही है। जिस कारण ठंडे क्षेत्र की तलाश में सांप बिल से निकलकर बल्लियों में बैठा होगा। गनीमत रही कि सुरक्षा में तैनात गार्ड ने देख लिया। क्योंकि कोबरा प्रजाति का सांप बेहद जहरीला होता है। यदि ये सांप किसी को डस ले, तो 10 मिनट में मौत हो सकती है। सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया है। अब उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

# दो गांवों में तेंदुए का हमला, तीन घायल

## बुरहानपुर में बच्चे के सिर पर मारा पंजा, गंभीर; शख्स का कान काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के दो गांवों में एक ही तेंदुए ने एक के बाद एक तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। तेंदुए ने पहले बोरी बुजुर्ग गांव में खेत में काम कर रहे 15 साल के लड़के और बुजुर्ग को घायल किया, फिर दवाटिया गांव में एक शख्स पर हमला किया। उसका कान कटकर अलग हो गया। खेत में मौजूद कुत्तों ने खदेड़ा तो तेंदुआ वहां से भागा। घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला जिले के धुलकोट इलाके में रविवार सुबह करीब 7 बजे का है। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश कर रही है।

### खेत में काम कर रहे दो लोगों को किया घायल

वन रक्षक कमलेश रघुवंशी ने बताया कि तेंदुआ पहले बोरी बुजुर्ग गांव में पहुंचा। यहां एक खेत में काम कर रहे मेहरबान सिंह (15) और मांगीलाल कोतवाल (50) पर हमला कर दिया। मेहरबान के सिर पर गंभीर चोट आई है। मांगीलाल की पीठ पर और सामने सीने के आसपास चोट है। शोर सुनकर आसपास मौजूद किसान वहां पहुंचे तो तेंदुआ भाग गया। तेंदुए ने ग्रामीण पर हमला किया तो दो कुत्ते उसकी तरफ लपके। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया।

### वन विभाग ने दी आर्थिक सहायता

इसके बाद तेंदुआ पड़ोसी गांव दवाटिया पहुंचा। यहां बदा (45) पर टूट पड़ा। तेंदुए के हमले से बदा का कान कटकर अलग हो गया। इसी बीच दो कुत्ते तेंदुए की तरफ लपके तो वह भागा। कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया। धुलकोट रेंजर एमडी माणिकपुरी ने प्रभावित परिवारों को दो-दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

# सागर जिला अस्पताल से नवजात को लेकर भागी महिला

## एक घंटे में नए बस स्टैंड से पकड़ाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर में रविवार सुबह जिला अस्पताल से 4 दिन का मासूम चोरी हो गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसमें एक महिला बच्चे को ले जाते नजर आई। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर सात थानों के 150 पुलिसकर्मियों को मैदान में उतार दिया। इस दौरान नए बस स्टैंड से महिला को पकड़ लिया गया। पुलिस उसके पास से बच्चे को भी बरामद कर लिया है। चेकअप के बाद बच्चे को परिजन को सौंप दिया है। 29 मई को रूबी पति रामबाबू अहिरवार (21) निवासी पड़रूआ को प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां रूबी ने बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। रविवार सुबह वार्ड की साफ-सफाई हो रही थी। इस कारण सास रेखारानी अहिरवार और पति रामबाबू अहिरवार को वार्ड से बाहर कर दिया गया। इसी दौरान आरोपी महिला वार्ड में पहुंची। पलंग से नवजात को उठा ले गई। कुछ देर बाद सास वार्ड में पहुंची। यहां बच्चे को गायब देख परिवारवालों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके एक महिला बच्चे को ले जाते नजर आई। इसके बाद उक्त महिला की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड की गईं। इसी बीच, पुलिस ने तिली क्षेत्र स्थित नए बस स्टैंड से महिला को बच्चे के साथ पकड़ लिया।

# मम्मी-पापा झगड़े तो मुंबई से भाग ग्वालियर आए 4 भाई-बहन

## 6 दिन बाद भी लापता चारों बच्चे, ऑटो वाले ने बाल निकेतन छोड़ा था

**ग्वालियर।** मम्मी-पापा आपस में झगड़े तो तीन नाबालिग बहनें और एक भाई मुंबई से भागकर ग्वालियर आ गए। अब उनका पता नहीं चल रहा है कि वे कहां हैं। रविवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम उन्हें ढूंढते हुए ग्वालियर पहुंची। मुंबई के अंधेरी ईस्ट से भागकर चारों भाई-बहन 27 मई को जब ग्वालियर आए तो उन्होंने मोबाइल पर फोन-पे एप से एक ऑटो ड्राइवर को पेमेंट किया था। इसी क्लू पर मुंबई पुलिस ने ऑटो ड्राइवर से पूछताछ की। उसने बताया कि 27 मई को बच्चों को माधव बाल निकेतन में अंदर तक छोड़ा था। माधव बाल निकेतन शहर के जनकगंज इलाके में है। क्राइम ब्रांच यहां पहुंची तो पता चला कि बच्चे आए ही नहीं। माधव बाल निकेतन और वृद्धाश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव का कहना है कि हम सीधे बच्चों को प्रवेश देते ही नहीं हैं।

### मां-पिता के झगड़े के बाद घर से भागे

बहनों की उम्र 17, 15 और 10 साल है। भाई 7 साल का है। 26 मई को मां-पिता के झगड़े के बाद चारों घर से भाग गए। उन्होंने पंजाब मेल ट्रेन पकड़ी। ट्रेन में ही उनकी मुलाकात मुरैना के युवक से हुई। बताया जा रहा है कि युवक ने दिलीप धाकड़ की ऑटो बुक की। शहर के आनंद नगर में रहने वाले ऑटो ड्राइवर दिलीप का कहना है कि बच्चों को लेकर बाल निकेतन पहुंचा। अपना किराया लिया, बच्चों को अंदर तक छोड़ा, बाहर 5 मिनट खड़ा रहा, फिर चला गया।

### युवक की तलाश में टीम मुरैना रवाना

बच्चे कहां गए, इसकी मुंबई क्राइम ब्रांच पड़ताल कर रही है। ग्वालियर के जनकगंज थाने की पुलिस भी पता लगा रही है। मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम ट्रेन में बच्चों से मिले युवक की तलाश में मुरैना रवाना हुई है। ऐसा पता लगा है कि उसने ऑटो के अंदर बैठाकर बच्चों के फोटो भी लिए थे। उसकी पुलिस से बात हो गई है और टीम उसके पास पहुंच रही है। युवक का भी कहना है कि उसने बच्चों को बाल निकेतन के अंदर तक छोड़ा था। माधव बाल निकेतन में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पुलिस को नहीं मिल सके हैं। टीम ने जांच में पाया कि यहां सिर्फ तीन दिन का डेटा स्टोर होता है। घटना 27 मई की है और आज 6वां दिन है।

# संपादकीय

## असमानता भी बड़े पैमाने पर बढ़ी है

जो भी पार्टी या गठबंधन अगली सरकार बनाएगा, उसे उन गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जिन्हें चुनाव अभियान ने पीछे धकेल दिया है। भारत के सामने आज गलतियों की एक लंबी लिस्ट है, जिसे अच्छी तरह सुधारा नहीं गया तो एक गणतंत्र के रूप में हमारा भविष्य कमजोर हो सकता है। ऐसा माना जाता है कि राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र होता है, जिसमें नेता स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और वे अपनी पार्टी के सहयोगियों के प्रति जवाबदेह होते हैं। भारतीय राजनीति आज इस मॉडल से बिल्कुल अलग है। यहां राजनीतिक पार्टियां या तो व्यक्तित्व के साये तले हैं या एक पारिवारिक फर्म बन गई हैं। व्यक्तित्व के साये तले वाली बात का ज्वलंत उदाहरण भारतीय जनता पार्टी है। पिछले एक दशक में पूरी पार्टी और सरकारी तंत्र का बड़ा हिस्सा नरेंद्र मोदी को दिव्य व्यक्तित्व वाला बनाने में जुटा रहा है। हालांकि भौगोलिक तौर पर अपने सीमित क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पिनाराई विजयन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और ओडिशा में नवीन पटनायक जैसे मुख्यमंत्री भी इसी तरह से काम कर रहे हैं। कुछ इस तरह कि मानो वे ही शासन करते रहेंगे। लोकतांत्रिक संस्थाओं का दिखावा करने वाली पारिवारिक पार्टियां भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि कांग्रेस इसके लिए मुख्य रूप से दोषी है। उसने पार्टी के लिए दशकों तक काम करने वालों को नजरअंदाज कर प्रियंका गांधी को रातों-रात महासचिव बना दिया। गांधी परिवार से पीछे न रह जाएं, इस वजह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुलबर्गा की अपनी पुरानी सीट अपने दामाद को दे दी, जबकि उनका एक बेटा पहले से ही कर्नाटक में कैबिनेट मंत्री है। इसी तरह राष्ट्रीय जनता दल बिहार में, सपा उत्तर प्रदेश में और डीएमके तमिलनाडु में ऐसी पार्टियां हैं, जो एक ही परिवार के नियंत्रण में रही हैं। यह सोचने पर मजबूर करता है कि जिस ब्रिटेन की राजनीतिक प्रणाली को हमने अपनाया, उससे हम कितने अलग हैं। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने कोई धर्म-पंथ नहीं है। मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के नेता केर स्टार्मर किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते हैं। वे दोनों आज जिस मुकाम पर हैं, वहां अपनी मेहनत और पार्टी के सहयोगियों के समर्थन से हैं। जब भी वे समर्थकों का विश्वास खो देंगे, बिना किसी हंगामे के अपना पद छोड़ देंगे और उनकी जगह पर ऐसे व्यक्ति को चुना जाएगा, जो किसी राजनीतिक वंशावली से नहीं होगा। भारतीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता इस बात से भी और कम हुई है कि नागरिकों को बिना मुकदमे के जेल में डाला जा सकता है और वर्षों तक जेल में रखा जा सकता है। कानूनों का उपयोग राजनीतिक विरोधियों ही नहीं, बल्कि किसी भी तरह की असहमति जताने वालों को डराने और चुप कराने के लिए किया जाता है। इस तरह के दुरुपयोग में अदालतें भी शामिल हैं। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि हमारी राजनीतिक कमियां दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के दावों के आडंबरों के पीछे छिपी हैं। दूसरा दावा विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का है। हालांकि आर्थिक उदारीकरण की वजह से गरीबी में तो कमी आई है, लेकिन इससे असमानता भी बड़े पैमाने पर बढ़ी है। रोजगार में बढ़ोतरी नहीं हुई। शिक्षित वर्गों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है और श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। 2014 के बाद से भारत के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय में असुरक्षा की भावना कई गुना बढ़ गई, क्योंकि स्वतंत्र राष्ट्र के इतिहास में पहली बार केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने अपनी हिंदू बहुसंख्यकवादी महत्वाकांक्षा को स्पष्ट कर दिया था। राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में धर्म का बोलबाला बढ़ गया, जब प्रधानमंत्री ने खुद को ईश्वर द्वारा धरती पर भेजे गए उस हिंदू राजा की तरह दिखाया, जो हिंदुओं की सभी परेशानियों को दूर कर देगा। इसके परिणामस्वरूप भारतीय मुसलमानों ने खुद को इतना डरा हुआ कभी महसूस नहीं किया, जितना अब कर रहे हैं।

### अर्ज किया है..!

*यहाँ किसी को किसी की*
*ख़बर नहीं दरकार*
*अजब तरह का ये सारा*
*जहान हो गया है*

*-कृष्ण कुमार तूर*

## OSHO कहिन

**रचनात्मकता अस्तित्व में सबसे बड़ा विद्रोह है।**



## सैर-सपाटा

# कम पैसों में घूमने के लिए ये है 5 सबसे सस्ती जगह, नजारों को देख मन हो जाएगा खुश

छुट्टियों के दिनों में बोरिंग लाइफ से निकलकर कहीं घूमने का मन कर रहा है, लेकिन बजट कम है तो आप कुछ ऐसी जगहों को चुन सकते हैं जो बेहद सस्ती हैं। हालांकि, एक ऐसी डेस्टिनेशन मिल पाना काफी मुश्किल लगता है, जहां ट्रिप सस्ते में भी निपट जाएं और खूबसूरत जगह को भी एक्सप्लोर कर सकें। यहां कुछ ऐसी डेस्टिनेशन के बारे में बता रहे हैं जो सबसे सस्ती हैं।



### दार्जिलिंग



हरी भरी हरियाली और चाय के बागानों से घिरा दार्जिलिंग जन्नत से कम नहीं लग है। ये सस्ती जगहों में ये सबसे बेस्ट प्लेस साबित हो सकती है। माउंट कंचनजंगा के शानदार नजारे को देखने से लेकर, गर्मा गर्म देसी चाइनीज खाने तक, दार्जीलिंग बेस्ट जगहों में से एक है।

### ऋषिकेश

योग राजधानी के नाम से प्रसिद्ध ये एक आध्यात्मिक केंद्र है। ये जगह न सिर्फ योग बल्कि, रिवर राफ्टिंग, बंजी जम्पिंग जैसी एक्टिविटीज की वजह से भी पर्यटकों को सबसे ज्यादा पसंद आती है।



### वाराणसी



वाराणसी भारत की आध्यात्मिक राजधानी है। इस शहर में कई तरह के मंदिर है। यहां कि पवित्र गंगा नदी को देखने सबसे ज्यादा लोग आते हैं। ये जगह अपने सस्ते खाने, रहने और शांत वातावरण के पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती है।

### कसोल

हिमाचल प्रदेश घूमने के लिए ये सबसे खूबसूरत शहर में से एक है। यहां कि वादियों से आपको प्यार हो जाएगा। कसोल कुल्लू से मात्र 40 किमी की दूरी पर है। अगर आप एडवेंचर लवर हैं तो ये जगह बेस्ट है। यहां अपने बजट के मुताबिक होटल रूम बुक कर सकते हैं।



New Delhi

# जीत का पूरा भरोसा, बीजेपी ने कर ली जश्न की बड़ी तैयारी; 10 हजार लोग हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत के लिए आश्वस्त बीजेपी ने जश्न की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी ने जीत के बाद शपथ ग्रहण और बड़े समारोह के लिए बड़ी योजना बनाई है और इसे धरती पर उतारने का काम भी शुरू हो गया है। बता दें कि एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को बड़ा बहुमत दिया गया है। इसके बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं का भी उत्साह डबल हो गया है। 4 जून यानी मंगलवार को वोटों की गिनती की जाएगी।**

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति



सचिवालय ने भी डेकोरेटिव मटीरियल के लिए टेंडर जारी कर दिया था। चुनाव परिणाम के बाद राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन की तरफ से इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 3 जून को लगभग 21 लाख रुपये का यह टेंडर खुल जाएगा। इसके बाद पांच दिन में ही टेंडर के मुताबिक ऑर्डर पूरा करना होगा।

इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि पिछले सप्ताह ही राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू हो गईं। वहीं बीजेपी ने भी जश्न की बड़ी योजना बनाई है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी अपना समारोह भारत मंडपम या फिर कर्तव्य पथ पर आयोजित कर सकती है।

Rajasthan

# राजस्थान में हरियाणा के दो संतों को पीट-पीटकर मार डाला, दूर जाकर फेंके शव

**जयपुर, (एजेंसी) राजस्थान के झुंझुनू में दो संतों की हत्या से सनसनी फैल गई है। रविवार को कुछ हमलावरों ने दोनों को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया और शव खेत में फेंककर फरार हो गए। पुलिस हत्यारों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी है।**

डीएसपी नूपाराम भाकड़ ने कहा, 'घटना तब सामने आई जब झुंझुनू के पचेरी कलां गाव में रविवार सुबह तो अज्ञात लाशें मिलीं। बाद में उनकी पहचान संतों गिरी महाराज (45) और उनके साथी गौतम सिंह (42) के रूप में हुई। जो हरियाणा के भिवानी से झुंझुनू के भोडां आश्रम में आए थे।'

पुलिस के मुताबिक गिरि महाराज का शनिवार रात कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। डीसीपी ने कहा, 'इस बीच गौतम भी मौके पर पहुंचा और देखा कि हमलावर उन्हें क्रूरता से पीट रहे हैं।' हमले में दोनों संतों की मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी शवों को कार में डालकर दूर ले गए और पचेरी कलां के खेतों में फेंक दिया। भाकड़ ने कहा, 'अभी यह पता लगाया जा रहा है कि घटना में कितने लोग शामिल थे। हमने कुछ लोगों की और कार की पहचान की है। वे संभवतः घटना के बाद हरियाणा चले गए। हम उनकी तलाश कर रहे हैं। हमें आशंका है कि वे भिवानी स्थित आश्रम के सदस्य थे, जिनके साथ पीड़ित काम करते थे।'

पुलिस ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। डीएसपी ने कहा कि आरोपियों की तलाश चल रही है। गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की वजह सामने आ सकती है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

Jammu & Kashmir

# पुलवामा में आतंकियों के साथ सेना की मुठभेड़, लश्कर के 2 दहशतगर्दों को आर्मी ने घेरा

**पुलवामा, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के नेहामा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है. आतंकी ठिकाने के बारे में वक्त पर मिली जानकारी के आधार पर संयुक्त बलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया. इस दौरान आतंकवादी ने तलाशी दल पर हमला करने की कोशिश, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई. पुलवामा मुठभेड़ में लश्कर के दो बड़े आतंकवादी कमांडर फंसे हैं. रईस अहमद और रेयाज अहमद डार, दोनों पुलवामा जिले के निवासी हैं. इससे पहले पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एयरफोर्स के वाहनों के काफिले पर आतंकी हमला हो गया. इस हमले में 5 जवान घायल हो गए थे. सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था. अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर गोलीबारी की थी. आतंकियों ने ये हमला सुरनकोट के सनाई गांव में किया. इसकी जानकारी मिलने के बाद भारतीय सेना और पुलिस की अतिरिक्त टुकड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं.

Odisha

# ओडिशा में हीट स्ट्रोक ने मचाया कहर, 72 घंटे में 99 लोगों की मौत से कोहराम!

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** देशभर में बढ़ती गर्मी और हीटवेव (लू) से लोगों की मौत होने की खबरें सामने आ रही हैं. ओडिशा में पिछले 72 घंटों में सनस्ट्रोक के कारण कथित तौर पर 99 लोगों की मौत के मामले दर्ज किए गए हैं. इन 99 कथित मामलों में से 20 मामलों की पुष्टि कलेक्टरों द्वारा की गई है. सभी 99 मामलों में से 20 मामलों की पुष्टि कलेक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम और जांच के बाद की गई है. हालांकि, दो कथित मामले सनस्ट्रोक के नहीं हैं. ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त के अनुसार, पिछले 72 घंटों में कलेक्टरों द्वारा सनस्ट्रोक से कथित 99 मौत के मामलों की जानकारी दी गई थी. जबकि इन सभी मामलों में से सनस्ट्रोक से 20 लोगों की मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम और जांच के आधार पर




की गई है.इस गर्मी के दौरान कुल 141 कथित सनस्ट्रोक से मौत के मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें से 26 मामलों की पुष्टि सनस्ट्रोक (लू) के कारण हुई है और 8 मामले लू के कारण नहीं हैं. अभी इस मामले में कलेक्टरों के पास 107 कथित मामले जांच के लिए लंबित हैं. वहीं, 30 मई को लू से 42 लोगों की मौत की सूचना मिली थी. हालांकि, जांच में लू से 6 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है.

## खेल

# 39 साल के डेविड विसी ने नामीबिया को सुपर ओवर में दिलाई जीत, ओमान को हराकर जीत से की शुरुआत

**बारबाडोस। नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया।**



नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसी ने ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप-बी मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और टीम को सुपर ओवर में जीत दिलाई। ओमान ने 109 रन बनाए थे, लेकिन नामीबिया की टीम 20 ओवर बाद छह विकेट पर 109 रन ही बना सकी और मैच टाई रहा। इसके बाद मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये किया गया जहां डेविड विसी ने कप्तान गेरहार्ड एरासमस के साथ मिलकर तूफानी बल्लेबाजी की और जीत दर्ज की। 39 साल के विसी ने सुपर ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की जिससे नामीबिया ने ओमान के सामने जीत के लिए 22 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बाद विसी गेंदबाजी भी करने आए और उन पर लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने की जिम्मेदारी थी जिसे उन्होंने बखूबी निभाया और नामीबिया की जीत से शुरुआत कराई।

इससे पहले, नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबला 20 ओवर के बाद टाई रहा था जिसके बाद नतीजे का निर्णय सुपर ओवर के जरिए हुआ। हालांकि ओमान की टीम सुपर ओवर में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। नामीबिया के लिए डेविड विसी ने सुपर ओवर में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। विसी ने पहले कप्तान एरासमस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। नामीबिया के लिए सुपर ओवर में विसी ने 13 रन बनाए, जबकि एरासमस ने आठ रनों का योगदान दिया। इसके बाद इस लक्ष्य का बचाव करने के लिए भी कप्तान ने विसी पर भरोसा जताया। विसी ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। इस तरह नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में 11 रन से जीत दर्ज की।

टी20 विश्व कप में 2012 के बाद पहली बार हुआ जब किसी मैच का नतीजा सुपर ओवर के जरिये निकला। यह इस वैश्विक टूर्नामेंट में चौथा मौका था जब कोई मैच टाई रहा, लेकिन सिर्फ तीन बार ही सुपर ओवर से मैच का नतीजा निकाला गया है। नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबले से पहले 2012 में कैंडी में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच खेला गया मैच का नतीजा भी सुपर ओवर के जरिये निकला था जिसमें श्रीलंका ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा 2012 में ही वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच मैच का फैसला भी सुपर ओवर के जरिये हुआ, तब वेस्टइंडीज ने वो मुकाबला अपने नाम किया था।

## सिनेमा

# सुशांत के फ्लैट में शिफ्ट हुई एक्ट्रेस अदा शर्मा, 3 साल के लिए किराए पर लिया, बोलीं- मन में आया...





बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा के करियर ने बीते साल खूब ऊंची उड़ान भरी. सुदिप्तो सेन की फिल्म 'द केरल स्टोरी' से अदा ने काफी पॉपुलैरिटी हासिल की. इसके बाद एक्ट्रेस को 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' में देखा गया. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कलेक्शन तो नहीं किया, लेकिन चर्चा में रही. बीते साल ही खबर आई थी कि अदा ने सुशांत सिंह राजपूत का फ्लैट किराए पर लिया है. हालांकि, एक्ट्रेस ने इस खबर पर रिएक्ट करते हुए कहा था कि जब भी वो ऐसा कदम उठाएंगी तो बताएंगी जरूर. अब खबर आ रही है कि अदा ने सुशांत के फ्लैट में शिफ्ट कर लिया है. अक्टूबर 2023 में अदा ने सुशांत के फ्लैट को 3 साल के लिए लीज पर लिया था. बॉम्बे टाइम्स संग बातचीत में अदा ने कहा- चार महीने पहले मैं सुशांत के फ्लैट में शिफ्ट हुई. शिफ्ट होने के तुरंत बाद से ही मैं अपनी फिल्मों के प्रमोशन में बिजी हो गई थी. मुझे ज्यादा समय ही नहीं मिला. इसके बाद मैं मथुरा के एलीफेंट सैंचुरी चली गई थी. वहां से वापस आने के बाद मैं इस फ्लैट में रह पाई हूं. मेरी मम्मी और दादी, हम सभी इस फ्लैट में साथ में रह रहे हैं.

## Highlights

1. How did women candidates perform in previous Lok Sabha elections?
2. I feel boundless flow of energy: PM after ending 45-hr meditation
3. I.N.D.I.A to win 295 seats, exit polls are across board: Tharoor
4. Who are the longest-serving Prime Ministers of India?
5. Mescom faces ₹9.63 crore loss due to pre-monsoon rains
6. Within 20 days Uddhav will return to NDA: Maha MLA Ravi Rana

# Adani Group stocks see ₹1.4 lakh crore gain today, zoom 16% as exit polls predict PM Modi's return

**NEW DELHI, (Agency).** Adani Group stocks today: Shares of Gautam Adani's Adani Group surged as much as 16% today following exit polls which indicated that Prime Minister Narendra Modi's led BJP will win in the Lok Sabha elections. The stocks continued their surge for the second consecutive session and increased trading volumes added over ₹2.6 lakh crore to the group's market capitalization in just two sessions.



Individually, Adani Enterprises jumped 7 per cent, Adani Energy Solutions jumped 8 per cent, Adani Ports and SEZ gained 9 per cent, Adani Power up 12 per cent, Adani Green Energy 7 per cent, Adani Total Gas rose 7 per cent, Adani Wilmar up 3.5 per cent, Ambuja Cement gained 4 per cent and ACC rose 3 per cent.

Jefferies India said in its note, "Adani Group's MCap was hit by a short seller report in late FY23. During FY24, the group focused on containing debt, reducing founders' share pledge. Total group EBITDA grew 40% YoY in FY24 (5yr CAGR:+27%), group raised fresh funds from equity/debt/strategic investors, promoter increased stake in group Cos and group Mcap rebounded. The group is back on expansion spree and eyeing USD90bn capex over next decade. In the report, we discuss the group's FY24 perf and way ahead."

# Huge stock market rally expected on June 4? What brokerages advised ahead of Lok Sabha election results

**NEW DELHI, (Agency).** The BSE Sensex and the NSE Nifty were at fresh record highs today which added nearly ₹12 lakh crore to the BSE market capitalisation (m-cap) as almost all exit polls predicted the BJP-led NDA's seat wins in the 350-400 range. This comes after stock market investors trimmed expectations on BJP or NDA seat counts owing to lower turnout in the



first few phases of Lok Sabha elections 2024.

Today, the BSE m-cap surged to 4,23,71,233 crore from ₹4,12,12,881 crore on Friday as BSE Sensex climbed 2,777.58 points to hit an all-time high of 76,738.89 and Nifty hit its record high of 23,338.70. VIX- which suggests likely volatility in market over the next 30 days- plunged 20 per cent to 19.2 per cent.

Lok Sabha election results: What Nomura India predicted on stock market

Nomura India said, "We expect the equity market to react positively in the near term in case the exit poll results translate into actual results on 4 Jun 2024. The market movements in the past elections suggest that the market tends to do well going into the election and after the election the returns tend to be relatively lower. We note that unlike in the past elections, the outperformance of Indian equity markets to other benchmark indices such as the S&P and MSCI EM is lower this time."

# चंबल नदी में जहरीला पानी

## ग्रेसिम उद्योग की मनमानी से ग्रामीण त्रस्त..

## कल हुई इसी पानी के पीने से 6 भैंसों की मौत



**जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन मौन, नहीं हो रही सुनवाई**



**नागदा बिरलाग्राम स्थित ग्रेसिम उद्योग के वर्षों से निकलने वाला रसायन युक्त नाला किसी भी व्यक्ति की नजर से छुपा नहीं है। उद्योग द्वारा इस नाले में 24 घंटे रसायन युक्त जहरीला पानी उद्योग प्रबंधन द्वारा बेखोफ होकर रसायन छोड़ा जाता है । यह नाला नागदा नगर से निकलने वाली धारा प्रवाह चंबल नदी में जूना नागदा के नीचे मिलता है। यहां नदी के पास खड़े रहने में पानी की भयंकर बदबू आती है, यही नहीं यदि नदी में कोई मवेशी पानी पी ले तो उसकी मौत हो जाती है...**

DGR @ घनश्याम परमार

**नागदा। ऐसा ही वाक्या आज चंबल नदी में देखने को मिला ।नागदा के समीप गांव भगतपुरी के निवासी रघुवीर सिंह गुर्जर की दूध देने वाली छः भेसों ने चम्बल नदी में पानी पीते ही दम तोड़ दिया रघुवीर गुर्जर निवासी भगत पुरी जब पुलिस थाना नागदा में रिपोर्ट दर्ज करवाने गया तो उसे रिपोर्ट लिखने से इनकार कर दिया चंबल नदी के दोनों छोरों पर बसे 14 गांव के किसान इस चम्बल नदी के रसायन युक्त पानी से वर्षों से पीड़ित हैं।**

कई बार किसानों द्वारा आंदोलन भी किया गया लेकिन शासन प्रशासन के कानों तक आवाज ही नहीं पहुंच पाई।चंबल नदी के दोनों छोरों पर बसे हुए किसानों के मुंह से अगर दास्तान सुनी जाए तो कानों के सुनने की क्षमता खत्म हो जाए। समीपस्थ ग्राम परमार खेड़ी में चंबल का पानी पीने से 100 से ज्यादा व्यक्ति विकलांग आज भी मौजूद हैं। *यहां पैदा होने वाला बच्चा भी विकलांग ही पैदा होता है।

किसानों की कृषि भूमि की बात की जाए तो लगभग 25000 बीघा कृषि भूमि पर फसल बड़ी मुश्किल से पैदा होती है। इस भूमि पर केला, आम, जामुन, पपीता, पीपल, सब्जियां, फूलों के पेड़ पौधे तो देखने से भी नहीं मिलते है।

नागदा के जनप्रतिनिधि उद्योग समूह की गोदी में बैठे होने के कारण यहां जहरीली गैस जहरीला पानी कृषि योग्य भूमि बंजर हों रहीं हैं। लकवा, किडनी, डायलिसिस, हार्ट अटैक, जैसी घातक बीमारियो की स्थिति हमेशा निर्मित होती है इसके बाद भी जिला कलेक्टर ,प्रदूषण विभाग, एसडीएम, और पुलिस भी कार्रवाई करने से डरें सहमे नजर आते हैं।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक